DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

दून विवि के छात्र चीन में करेंगे अध्ययन

दून विवि में हर्षोल्लास से मनाया गया चीनी नव वर्ष व सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी



दून विश्वविद्यालय में मौजूद चीन शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि और छात्र। स्रोत: विवि प्रशासन

देहरादून। दून विश्वविद्यालय के छात्र अब चीन में अध्ययन करेंगे। इसके लिए विवि के छात्रों को चीन का शिक्षा मंत्रालय छात्रवृत्ति देगा। यह बातें रविवार को चीनी दूतावास के काउंसलर यांग शिउ हुआ, प्रथम सचिव वांग थोंग, फु शिएन फेंग और तृतीय सचिव सु छन ने विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल और कुलसचिव डॉ. एमएस मंदरवाल से मुलाकात के दौरान कही।

रविवार को विवि में चीनी भाषा अध्ययन विभाग की ओर से चीनी नव वर्ष एवं प्रमुख त्योहार को सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम हर्षोल्लास को साथ मनाया। वहीं इस मौके पर छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। काउंसलर यांग शिउ हुआ ने कहा, विवि के छात्रों के साथ संवाद करने पर पता चला कि यहां के विद्यार्थियों की चीनी भाषा पर पकड़ बहुत मजबूत है, ऐसा बहुत कम संस्थानों में देखने को मिलता है।

उन्होंने कहा, चीन का शिक्षा मंत्रालय विवि के शिक्षकों एवं छात्रों के लिए कई तरह की छात्रवृति व अन्य शैक्षिक योजनाओं का प्रस्ताव लाना चाहता है। चीनी भाषा अध्ययन विभागाध्यक्ष शैंकी चंद्रा ने चीन और भारत के संबंधों को भविष्य में और मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया, इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य चीनी संस्कृति के प्रति समझ को बढ़ाना था और छात्रों को इसे समझने के लिए प्रेरित करना था।

विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा, भारतीय संस्कृति भी वसंत उत्सव को मानती है और ऐसा ही त्योहार चीन में भी बनाया जाता है, जो कि एक साझी सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। इस मौके पर चीनी विभाग से मधुरेंद्र झा, पवन एक्का, प्रो. चेतना पोखरियाल, डॉ. एस नैथानी आदि मौजूद रहे।

News paper – Amar Ujala
Date – 04.03.2024